Annexure I

Shri Narendra Modi's Speech in Nawada, Bihar, 07 April 2024

From https://www.narendramodi.in/text-of-prime-minister-narendra-modi-s-speech-at-public-meeting-in-nawada-bihar-581199

मोदी ने गारंटी दी थी कि अयोध्या में रामलला का भव्य मंदिर बनेगा। आज अयोध्या में भव्य राममंदिर का शिखर आसमान छू रहा है। जो 500 वर्षों में नहीं हो पाया, जिस राम मंदिर के निर्माण को रोकने की काँग्रेस और आरजेडी ने बरसों तक कोशिश की, वो राममंदिर बनकर तैयार हो गया। और ये देखिए, चलो भाई, देशवासियों ने चंदा दिया। एक रूपया, पांच रूपया, पांच सौ रूपया, हजार रूपया। देशवासियों के पैसे से राम मंदिर बना है। सरकारी तिजोरी से राम मंदिर नहीं बना है। देशवासियों ने बनाया है। इनकी क्या दुश्मनी है इस देश के लोगों से। इनकी क्या दुश्मनी है प्रभु राम से। इनकी क्या दुश्मनी है अयोध्या से। उनकी क्या दुश्मनी है हमारी विरासत से। राम मंदिर बन गया तो बोले, हम उसके प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं जाएंगे, विरोध किया। क्या ये शोभा देता है क्या। शोभा देता है क्या। इतना ही नहीं, इनके मन में इतना जहर भरा है, इतना जहर भरा है कि उनकी पार्टी के कुछ लोग राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में आ गए तो उनको छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। राम नवमी आ रही है, ये पाप करने वालों को भूलना मत भाइयो-बहनों। भूलना मत। इसलिए, ये भी जानते हैं कि अगर मोदी की गारंटी ऐसे ही चलती रही तो इनकी वोटबैंक की दुकान ही बंद हो जाएगी। और इसलिए ये लोग मोदी की गारंटी का विरोध कर रहे हैं।

Shri Narendra Modi's Speech in Pilibhit, Uttar Pradesh, 09 April, 2024

From https://www.narendramodi.in/text-of-prime-minister-narendra-modi-s-speech-at-public-meeting-in-pilibhit-uttar-pradesh-581259

500 साल के इंतज़ार के बाद अयोध्या में भव्य राम मंदिर बना। हमारे कल्याण सिंह जी ने राम मंदिर के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया, अपनी सरकार समर्पित कर दी। देश के हर परिवार ने अपनी-अपनी श्रद्धा के हिसाब से योगदान दिया। पीलीभीत वालों ने भी एक विशाल बांसुरी अयोध्या को भेंट की। लेकिन साथियों, इन इंडी गठबंधन वालों को राम मंदिर के निर्माण से पहले भी नफरत थी और आज भी नफरत है। चलो भाई आपने मंदिर बनने से रोकने के लिए अदालत में जो करना था कर लिया। आपने मंदिर ना बने इसके लिए लाख कोशिश कर ली। लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर के इतना भव्य मंदिर बना दिया। जब मंदिरवालों ने आपके सारे गुनाह माफ कर के आपको प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम में सम्मान पूर्वक निमंत्रित किया। लेकिन आपने प्राण-प्रतिष्ठा के निमंत्रण को ठुकरा दिया आपने प्रभु राम का अपमान कर दिया। भाइयों बहनों मैं अभी भी नहीं समझ पाता हूं कि इनके मन में इतना जहर भरा है कि उनकी पार्टी से जो प्रतिष्ठा में गए उनको छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। क्या ऐसा कभी हिंदुस्तान में हो सकता है। कोई राम की पूजा करे उसे पार्टी से निकाल दोगे... ये कैसी पार्टी है भाई...ये पाप करनेवालों को कभी भूलिएगा नहीं भाईयों-बहनों। याद रखेंगे ना? याद रखेंगे?

Shri Narendra Modi's Speech in Ajmer, 06 April 2024

From https://www.narendramodi.in/text-of-prime-minister-narendra-modis-speech-at-public-meeting-in-ajmer-rajasthan-581222

राजस्थान में आने वाली 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को मतदान होगा। अब आप देखिए, राम मंदिर बना, आपलोग खुश हैं कि नहीं हैं? अब मुझे बताइए, चलो भई राम मंदिर बन गया, लेकिन प्राण-प्रतिष्ठा में जाने का विरोध करना ये शोभा देता है क्या? इतना ही नहीं अगर कोई प्राण-प्रतिष्ठा में आ गया तो उसको कांग्रेस पार्टी से छह साल के लिए निकाल दिया। क्या इस देश में ऐसा हो सकता है भाई? प्रभु राम के बिना आप देश की कल्पना कर सकते हैं। हमारे यहां तो सुबह-शाम मिलते हैं तो राम-राम सा करके शुरू करते हैं भई। और अंतिम विदाई में भी, राम बोलो राम से ही जाते हैं जी। उस राम के खिलाफ इतना गुस्सा, मेरे दिमाग में नहीं बैठ रहा है भैया। प्रभु राम अपने घर विराजे। और ये रामनवमी आ रही है, सजधज के लोग मनाने वाले हैं। हम देखते हैं कितना विरोध करते हो।